भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 5304

बुधवार, दिनांक 25 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>आंध्र प्रदेश में पीएम-एसजीएमबीवाई</u>

5304. श्री केसिनेनी शिवनाथः
श्री बस्तीपति नागराजूः
श्री डग्गुमल्ला प्रसादा रावः
श्री बी. के. पार्थसारथीः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आन्ध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (पीएम-एसजीएमबीवाई) के अंतर्गत राज्य-वार और जिला-वार कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं, पूर्ण संस्थापना कितनी हैं और कितनी केन्द्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) संवितरित की गई है;

(ख) इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन विक्रेताओं की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उन रूफटॉप सोलर संस्थापनाओं की संख्या का राज्य-वार और आन्ध्र प्रदेश में जिला-वार ब्यौरा क्या है जहां नेट मीटर और स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं;

(घ) आन्ध्र प्रदेश में जिला-वार किस प्रकार के मीटरिंग समझौतों को मंजूरी दी गई है;

(ङ) आन्ध्र प्रदेश में कार्यरत रूफटॉप सौर संस्थापनाओं की संख्या और उत्पादित बिजली की मात्रा का राज्यवार और जिलावार ब्यौरा क्या है;

(च) इस योजना के अंतर्गत कितने जिलों में चैलेंज मोड की घोषणा की गई है; और

(छ) आन्ध्र प्रदेश में इस योजना के अंतर्गत आदर्श सौर गांवों के रूप में चुने गए गांवों का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) से (ग): पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजी: एमबीवाई) के अंतर्गत, फरवरी 2024 में इसके शुभारंभ के बाद से, राष्ट्रीय पोर्टल पर कुल 66,48,000 आवेदन प्राप्त हुए हैं और 26,20,970 रूफटॉप सौर (RTS) प्रणालियां स्थापित की गई हैं, जिससे देश भर में 32,40,068 परिवार लाभान्वित हुए हैं, और दिनांक 20.03.2026 तक की स्थिति के अनुसार, योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को केंद्रीय वित्तीय सहायता (CFA) के रूप में 17,967.46 करोड़ रुपये की राशि वितरित

की गई है। इसके अलावा, इस योजना के तहत 26,483 विशिष्ट आरटीएस विक्रेताओं को पंजीकृत किया गया है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

आंध्र प्रदेश राज्य में, कुल 14,72,814 आवेदन प्राप्त हुए हैं और 1,14,313 आरटीएस सिस्टम स्थापित किए गए हैं, जिससे 1,17,453 परिवार लाभान्वित हुए हैं, और दिनांक 20.03.2026 तक योजना के तहत लाभार्थियों को सीएफए के रूप में 734.97 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई है। जिला-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

पीएमएसजी एमबीवाई के तहत आवासीय क्षेत्र के लिए आरटीएस स्थापनाएं सामान्यतः नेट-मीटरों की स्थापना करके, नेट-मीटरिंग व्यवस्था के माध्यम से की जाती हैं। कुछ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने स्मार्ट मीटरों की स्थापना भी शुरू कर दी है, जिन्हें नेट-मीटरिंग के उद्देश्य के अनुरूप किया जा सकता है।

(घ) आंध्र प्रदेश राज्य में पीएमएसजी एमबीवाई के अंतर्गत आवासीय क्षेत्र के लिए आरटीएस स्थापनाएं मुख्य रूप से नेटमीटरिंग व्यवस्था के अंतर्गत शामिल की गई हैं। तथापि, राज्य विद्युत विनियामक द्वारा जारी विनियमों के प्रावधानों के अनुसार, ग्रुप नेट-मीटरिंग, वर्चुअल नेट-मीटरिंग, ग्रॉस मीटरिंग और नेट बिलिंग जैसी अन्य मीटरिंग व्यवस्थाएँ भी अनुमेय हैं।

(ङ) पीएमएसजी एमबीवाई के अंतर्गत पूरी की गईं आरटीएस संस्थापनाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है और आंध्र प्रदेश राज्य में पूरी की गईं आरटीएस संस्थापनाओं का जिला-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

आरटीएस संयंत्र द्वारा उत्पादित विद्युत की मात्रा विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है जिसमें स्थान का सौर विकिरण, सौर मॉड्यूलों की प्रौद्योगिकी, झुकाव कोण, नियमित रख-रखाव आदि शामिल हैं। निर्दिष्ट मानकों के अनुसार, स्थापित और अनुरक्षित आरटीएस संयंत्र औसतन आधार पर संयंत्र की प्रति केडब्ल्यूपी क्षमता पर प्रतिदिन चार यूनिट बिजली का उत्पादन करेगा।

(च) और (छ): पीएमएसजी: एमबीवाई के मॉडल सौर गाँव (एमएसवी) घटक के तहत, आंध्र प्रदेश राज्य के 21 जिलों में चुनौती मोड की घोषणा की गई है और 12 जिलों में मॉडल सौर गांव (एमएसवी) घोषित किए गए हैं। जिला-वार विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है।

अनुलग्नक-I

'आंध्र प्रदेश में पीएम-एसजीएमबीवाई' के संबंध में पूछे गए दिनांक 25.03.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 5304 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I

पीएमएसजी एमबीवाई के तहत हुई प्रगति का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण: (दिनांक 20.03.2026 की स्थिति के अनुसार)

क्रं. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आवेदन (संख्या)	स्थापनाएं (संख्या)	लाभान्वित परिवार (संख्या)	सीएफए के अंतर्गत जारी राशि (करोड़ रुपये में)	पंजीकृत विक्रेता* (सं.)
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	726	229	248	1.5	873
2	आंध्र प्रदेश	14,72,814	1,14,313	1,17,453	734.97	1,508
3	अरुणाचल प्रदेश	83	1	1	0.01	104
4	असम	5,34,608	1,02,209	1,02,774	684.1	1,681
5	बिहार	63,936	16,649	17,282	115.46	701
6	चंडीगढ़	1,611	1,111	1,111	6.31	595
7	छत्तीसगढ	1,66,350	40,022	41,482	210.65	1,002
8	दादरा नगर हवेली तथा दमन एवं दीव	2,471	628	628	4.13	2,885
9	गोवा	3,698	2,096	2,459	12.34	176
10	गुजरात	7,00,967	5,94,966	8,56,999	4,330.67	1,884
11	हरियाणा	1,34,986	63,978	71,753	398.71	876
12	हिमाचल प्रदेश	13,359	7,940	7,941	56.65	254
13	जम्मू एवं कश्मीर	99,382	26,867	26,875	183.98	802
14	झारखंड	9,250	1,940	1,942	12.78	202
15	कर्नाटक	1,58,802	17,209	26,395	126.13	592
16	केरल	2,91,670	2,09,716	2,15,041	1,462.41	1,384
17	लद्दाख	1,775	1,486	1,486	11.5	142
18	लक्षद्वीप	1,345	932	932	6.92	885
19	मध्य प्रदेश	1,68,714	1,04,528	1,08,119	725.58	1,318
20	महाराष्ट्र	7,13,162	4,90,666	7,79,184	3,456.04	5,117
21	मणिपुर	1,806	910	910	6.8	122
22	मेघालय	1,964	46	46	0.2	110
23	मिजोरम	1,127	977	979	6.77	127
24	नगालैंड	649	187	187	1.28	118
25	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	29,030	6,820	10,702	47.8	330
26	ओडिशा	2,08,858	50,363	50,711	264.38	935
27	पुदुचेरी	4,058	2,810	2,810	18.62	1,915
28	पंजाब	21,735	12,016	12,126	82.36	460
29	राजस्थान	3,23,926	1,59,638	1,64,074	1,060.19	1,729
30	सिक्किम	257	29	29	0.18	106
31	तमिलनाडु	75,594	60,151	70,543	410.58	1,395
32	तेलंगाना	83,154	32,649	44,347	209.41	701
33	त्रिपुरा	9,050	2,654	2,665	17.81	161
34	उत्तर प्रदेश	12,20,790	4,21,093	4,25,695	2,753.62	5,534
35	उत्तराखंड	1,12,968	71,789	72,724	542.93	820
36	पश्चिम बंगाल	13,325	1,352	1,415	3.68	233
	कुल	**66,48,000**	**26,20,970**	**32,40,068**	**17,967.45**	

* पंजीकृत विक्रेताओं में एकल राज्य, बहु-राज्य और राष्ट्रीय स्तर के विक्रेता शामिल हैं।

अनुलग्नक-II

'आंध्र प्रदेश में पीएम-एसजीएमबीवाई' के संबंध में पूछे गए दिनांक 25.03.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 5304 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश राज्य में पीएमएसजी: एमबीवाई के अंतर्गत हुई प्रगति का जिला-वार विवरण (दिनांक 20.03.2026 तक)

क्र. सं.	जिले	आवेदन (संख्या)	स्थापना (सं.	लाभान्वित परिवार (सं.)	जारी की गई वित्तीय सहायता (CFA) (करोड़ रु. में)
1	अल्लूरी सीतारमा राजू	16,113	62	62	0.23
2	अनकापल्ली	27,952	5,383	5,529	33.81
3	अनंतपुरमु	41,500	2,919	2,919	18.28
4	अन्नमय्या	44,413	1,829	1,829	11.33
5	बापतला	73,822	5,080	5,206	34.02
6	चित्तूर	58,343	1,565	1,565	9.17
7	पूर्वी गोदावरी	33,752	6,722	6,760	42.55
8	एलुरु	60,961	7,341	7,341	48.43
9	गुंटूर	119,970	7,767	8,322	52.13
10	काकीनाडा	29,439	6,878	6,878	44.56
11	कोनासीमा	28,844	3,633	3,633	22.58
12	कृष्ण	99,471	6,871	7,026	46.16
13	कुरनूल	78,406	2,485	2,485	15.77
14	नांदयाल	100,277	3,223	3,223	20.44
15	एनटीआर	95,755	5,522	6,155	35.89
16	पलनाडु	162,506	3,701	3,701	22.26
17	पार्वतीपुरम मान्यम	18,339	1,779	1,779	10.81
18	प्रकाशम	52,006	5,170	5,218	34.55
19	श्रीकाकुलम	27,264	5,848	5,848	37.05
20	श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर	64,050	4,805	4,805	30.68
21	श्री सत्य साई	42,604	1,072	1,072	6.29
22	तिरुपति	54,621	4,212	4,226	24.03
23	विशाखापत्तनम	19,096	6,208	7,545	41.64
24	विजयनगरम	30,873	5,940	5,940	38.47
25	पश्चिम गोदावरी	37,977	5,812	5,831	38.24
26	वाई.एस.आर.	54,460	2,486	2,555	15.59
	कुल	**1,472,814**	**1,14,313**	**1,17,453**	**734.97**

<u>अनुलग्नक-III</u>

'आंध्र प्रदेश में पीएम-एसजीएमबीवाई' के संबंध में पूछे गए दिनांक 25.03.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 5304 के भाग (च) एवं (छ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश राज्य में पीएमएसजी: एमबीवाई के अंतर्गत घोषित मॉडल सौर गांव (एमएसवी) का ज़िला-वार विवरण (दिनांक 17.03.2026 की स्थिति के अनुसार)

क्र. सं.	जिले का नाम	मॉडल सौर गाँव का नाम
1	अनकापल्ली	बय्यावरम
2	काकीनाडा	थिम्मापुरम
3	श्रीकाकुलम	अम्पोलू
4	पूर्वी गोदावरी	मलकापल्ली
5	कोनासीमा	वनपल्ली
6	विजयनगरम	बोड्डम
7	पश्चिम गोदावरी	आलमपुरम
8	विशाखापत्तनम	आर तल्लावलासा
9	पार्वतीपुरम मान्यम	नारीपुरम
10	एलुरु	ताड़ीकलापुडी
11	अल्लूरी सीता रामाराजू	पडेरू
12	कुरनूल	पेद्दाहरिवनम

*****